**SPICES BOARD**
(Ministry of Commerce and Industry
Government of India)
Sugandha Bhavan
N.H. By-pass
P.B. No. 2277
Palarivattom P.O.
**Cochin - 682 025, India**

**स्पाइसेस बोर्ड**
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय,
भारत सरकार)
सुगन्ध भवन
एन. एच. बाइपास
पी. बी. नं. 2277
पालारिवट्टम पी.ओ.
**कोचिन - 682 025, भारत**

**मानवशक्ति की आपूर्ति करने वाली एजेंसियों से आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्पाइसेस बोर्ड में आई टी समर्थन कार्मिकों की सेवा प्रदान करने हेतु निविदा सूचना**

**सं. ईडीपी-एफएमएसई /एसडब्ल्यू/0001/2017-ईडीपी** **21 फरवरी 2017**

मानवशक्ति की आपूर्ति /स्टाफिंग में शामिल कंपनियों से अनुलग्नक -1 में दी गई आवश्यकताओं के अनुसार बहु-कौशल युक्त कार्मिकों की सेवाएं प्रदान करने हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। प्रस्तावों को श्री जीजेष टी दास, उप निदेशक (ईडीपी), स्पाइसेस बोर्ड, पालारिवट्टम पी.ओ., कोच्ची-682025 के पते पर मुहरबंद लिफाफे में **08 मार्च 2017** को **शाम तीन बजे** या उससे पहले बोर्ड के ईडीपी विभाग में पहुंचाया जाना होगा।

प्रस्ताव युक्त लिफाफे पर 'बहु-कौशल युक्त कार्मिकों के लिए प्रस्ताव, **08 मार्च 2017** को जमा ' लिखा जाना होगा।। निविदाओं को **08 मार्च 2017** को दोपहर बाद **3.30** बजे खोला जाएगा।

.

उप निदेशक (ईडीपी)

**अनुबंध -1 निविदा विवरण**

**क. आई टी सहायक अभियन्ताओं का एक प्रोफाइल**

| # | पदनाम और कोड | योग्यता | अनिवार्य कुशलता | मुख्य जिम्मेदारियाँ | अनुभव | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सॉफ्टवेयर इंजीनियर (एसडबल्यू-ओरेकल) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर इंजीनियरिंग / कम्प्यूटर साइंस / सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार में बी.ई./बी.टेक या कंप्यूटर एप्लीकेशन्स/कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर उपाधि | ओरेकल 10जी या उसके आगे, एस क्यू एल, पीएल/एसक्यूएल, ओरेकल फॉर्म्स एवं रिपोर्टें | 1.ओरेकल में एप्लीकेशनों का विकास और उनका रखरखाव (फॉर्म/रिपोर्टें) 2. एस क्यू एल पर आधारित रिपोर्टों की तैयारी | ओरेकल फॉर्म्स/रिपोर्टों के प्रयोग करते हुए डेटाबेस और सॉफ्टवेयर विकास/रखरखाव में कम से कम एक साल | कोचीन |
| 2 | सॉफ्टवेयर इंजीनियर (एसडबल्यू-पी एच पी) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर इंजीनियरिंग / कम्प्यूटर साइंस / सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार में बी.ई./बी.टेक या कंप्यूटर एप्लीकेशन्स/कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर उपाधि | पी एच पी, एस क्यू एल, वेब/एप्लिकेशन सेरवर और एप्लीकेशन फ्रेम वर्क | 1. पीएचपी व एमवाईएसक्यूएल/ ओरेकल में सॉफ्टवेयर विकास 2. पीएचपी में तैयार वर्तमान वेब एप्लीकेशनों का रखरखाव और विकास | सॉफ्टवेयर विकास/रखरखाव में कम से कम एक साल | कोचीन |
| 3 | वरिष्ठ सॉफ्टवेयर इंजीनियर (एसएसडबल्यू ल्यू -पी एच पी) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर इंजीनियरिंग / कम्प्यूटर साइंस / सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार में बी.ई./बी.टेक या कंप्यूटर एप्लीकेशन्स/कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर उपाधि | पी एच पी, एस क्यू एल, वेब/एप्लिकेशन सेरवर और एप्लीकेशन फ्रेम वर्क | 1. पीएचपी व एमवाईएसक्यूएल/ओरेकल में सॉफ्टवेयर विकास 2. पीएचपी में तैयार वर्तमान वेब एप्लीकेशनों का रखरखाव और विकास | सॉफ्टवेयर विकास/रखरखाव में कम से कम तीन साल | कोचीन |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | सेरवर एवं नेटवर्क प्रशासक (एसएनए) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर इंजीनियरिंग / कम्प्यूटर साइंस / सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार में बी.ई./बी.टेक या कंप्यूटर एप्लीकेशन्स/कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर उपाधि | नेटवर्क, लिनक्स / यूनिक्स | नेटवर्क प्रबंधन, विंडोस सेरवर प्रबंधन, लिनक्स प्रबंधन, यूटीएम(एकीकृत खतरा प्रबंधन) | विंडोस/लिनकक्स क्स /नेटवर्क प्रशासन में कम से कम दो वर्ष | कोचीन |
| 5 | सिस्टम इंजीनियर (एसई) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर इंजीनियरिंग / कम्प्यूटर साइंस / सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार में बी.ई./बी.टेक<br><br>या<br><br>पोलिटेक्निक्स से कम्प्यूटर इंजीनियरिंग/कंप्यूटर हाडवेयर / आई टी में तीन वर्ष की डिप्लोमा | विंडोज/लिनक्स ओपेरेटिंग सिस्टम्स। हार्डवेयर रखरखाव, सिस्टम संस्थापन व नेटवर्किंग | 1. डेस्कटॉप, प्रिंटर्स, स्कैनर व बाह्य उपकरणों केलिए समर्थन<br>2. सिस्टम डाटा, आबंटन और समर्थन का प्रबंधन<br>3. ए एम सी प्रबंधन केलिए विक्रेता के साथ समन्वय<br>4. बैकअप के रखरखाव<br>5. समस्या निवारण नेटवर्क से संबंधित मुद्दे ।<br>6. उपयोगकर्ता के स्तर पर सहायता।<br>7. हेल्प डेस्क प्रबंधन | संबन्धित क्षेत्र में कम से कम चार वर्ष का अनुभव | कोचीन/इडुक्की/ बोडिनायकन्नूर |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | सिस्टम समर्थक इंजीनियर (एसएसई) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर इंजीनियरिंग / कम्प्यूटर साइंस / सूचना प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार में बी.ई./बी.टेक की उपाधि<br><br>या<br><br>पोलिटेक्निक्स से कम्प्यूटर इंजीनियरिंग/कंप्यूटर हारवेयर / आई टी में तीन वर्ष की डिप्लोमा | विंडोज/लिनक्स ओपेरेटिंग सिस्टम्स। हार्डवेयर रखरखाव, सिस्टम | 1. डेस्कटॉप, प्रिंटर्स, स्कानर व बाह्य उपकरणों केलिए समर्थन<br>2. सिस्टम डाटा, आबंटन और समर्थन का प्रबंधन<br>3.ए एम सी प्रबंधन केलिए विक्रेता के साथ समन्वय<br>4. बैकअप के रखरखाव<br>5. समस्या निवारण नेटवर्क से संबंधित मुद्दे ।<br>6. उपयोगकर्ता के स्तर पर समर्थन।<br>7. हेल्प डेस्क प्रबंधन | संबन्धित क्षेत्र में कम से कम दो वर्ष का अनुभव | कोचिन/इडुक्की/बोडिनायकन्नूर |
| 7 | डाटा एंट्री ऑपरेटर | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि | | डेटा प्रविष्टि से संबंधित काम | | कोचीन |

**ख. पात्रता मानदंड**

1. सेवा प्रदाता को सुविधा प्रबंधन सेवा प्रदान करने में कम से कम 3 वर्ष और आई टी उद्योग में कुल 10 वर्षों का अनुभव होना चाहिए।
2. सेवा प्रदाता को आयकर और सेवा कर विभागों के साथ पंजीकृत होना चाहिए और उसका अपना बैंक खाता होना आवश्यक है।
3. सेवा प्रदाता का आई टी संबंधित सेवाओं के लिए, एक आईएसओ 9001 प्रमाणित कंपनी का होना चाहिए।
4. पिछले तीन वित्तीय वर्षों में से प्रत्येक में सेवा प्रदाता का न्यूनतम वार्षिक कारोबार 10 करोड़ रुपए का होना आवश्यक है।
5. सेवा प्रदाता ने पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान प्रति वर्ष कम से कम 10 लाख रुपए की लागत में सरकारी क्षेत्र में सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और/या नेटवर्किंग में एफ़एमएसई सेवाएं प्रदान करने से संबन्धित कम से कम एक ठेके का निष्पादन किया हो ।
6. सेवा प्रदाता किसी सरकारी/सार्वजनिक उपक्रम द्वारा 'ब्लैक लिस्टेड' न किया गया हो। इस संबंध में एक स्वयं-प्रमाणन प्रस्तुत करना होगा।

**उपर्युक्त सात पात्रता मानदंड को प्रमाणित करने के लिए निविदा के साथ संगत दस्तावेजों की प्रतियाँ प्रस्तुत करनी होंगी अन्यथा निविदा पूर्णत: अस्वीकार की जाएगी।**

**ग. संविदा दर (कोटेशन) प्रस्तुत करने का फॉर्मेट**

बोली लगानेवाला नीचे दिए गए फॉर्मेट में संविदा दर (कोटेशन) जमा करेगा

| # | पदनाम व कोड | भविष्य निधि और ई एस आई, जैसा लागू हो, सहित समर्थन कार्मिकों के पहले साल का न्यूनतम वेतन (रुपए में) | सेवा शुल्क और अन्य शुल्क (रुपए में) | कर(रुपए में) | कुल (रुपए में) |
|---|---|---|---|---|---|
| **क** | **ख** | **ग** | **घ** | **ङ** | **च** |
| 1 | सॉफ्टवेयर इंजीनियर (एसडबल्यू-ओरेकल) | 22,500 | | | |
| 2 | सॉफ्टवेयर इंजीनियर (एस डबल्यू-पी एच पी) | 22,500 | | | |
| 3 | वरिष्ठ सॉफ्टवेयर इंजीनियर (एसएसडबल्यू-पी एच पी) | 28,000 | | | |
| 4 | सेरवर एवं नेटवर्क प्रशासक (एसएनए) | 22,500 | | | |
| 5 | सिस्टम इंजीनियर (एसई) | 18,000 | | | |
| 6 | सिस्टम स्सहायता इंजीनियर (एसएसई) | 15,000 | | | |
| 7 | डाटा एंट्री ऑपरेटर | 10,000 | | | |

| # | पदनाम व कोड | भविष्य निधि और ई एस आई, जैसा लागू हो, सहित समर्थन कार्मिकों के दूसरे साल का न्यूनतम वेतन (रुपए में) | सेवा शुल्क और अन्य शुल्क (रुपए में) | कर(रुपए में) | कुल (रुपए में) |
|---|---|---|---|---|---|
| **क** | **ख** | **ग** | **घ** | **ङ** | **च** |
| 1 | सॉफ्टवेयर इंजीनियर (एसडबल्यू-ओरेकल) | 24,000 | | | |
| 2 | सॉफ्टवेयर इंजीनियर | 24,000 | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (एसडब्ल्यू-पी एच पी) | | | | |
| 3 | वरिष्ठ सॉफ्टवेयर इंजीनियर (एसएसडब्ल्यू-पी एच पी) | 30,000 | | | |
| 4 | सेरवर एवं नेटवर्क प्रशासक (एसएनए) | 24,000 | | | |
| 5 | सिस्टम इंजीनियर (एसई) | 19,500 | | | |
| 6 | सिस्टम समर्थक इंजीनियर (एसएसई) | 16,000 | | | |
| 7 | डाटा एंट्री ऑपरेटर | 11,000 | | | |

**घ. निबंधन और शर्तें**

1. बिना कोई कारण बताए सभी या किसी भी निविदा को नामंजूर करने का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित है।

2. सेवा प्रदाता आउटसोर्स कार्मिकों को उनके मासिक वेतन के तौर पर खण्ड "ग" में उद्धृत राशि के अनुसार भुगतान करेगा । बोर्ड को इस तरह के भुगतान का सबूत मासिक चालान सहित प्रस्तुत करना होगा ।

3. आई टी समर्थन इंजीनियर हर महीने में एक छुट्टी के हकदार है। यदि अनुमत छुट्टी से अधिक संख्या में अनुपस्थिति रिपोर्ट की जाती है, तो सेवा प्रदाता के भुगतान में आनुपातिक राशि की कटौती की जाएगी।

4. तैनात व्यक्तियों के संबंध में न्यूनतम मजदूरी, भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा आदि से संबन्धित सभी वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन केलिए एजेंसी उत्तरदाई होगी। खाता संख्या सहित इसका सबूत निकाले गए चालान के साथ प्रस्तुत करना चाहिए ।

5. एजेंसी को बोर्ड के अधिकारियों द्वारा सत्यापित किए गई उपस्थिती नामावली के साथ, तीन प्रतियों वाली बिल तैयार करना है और उसे अगले महीने के पहले सप्ताह में ही स्पाइसेस बोर्ड को प्रस्तुत करना होगा।

6. कंपनी को कर्माचारियों से की गई सभी कटौतियों को संबन्धित प्राधिकारियों के पास जमा करना है और ईपीएफ / ईएसआई अधिकारियों के साथ किसी भी बकाया नहीं होना चाहिए ।

7. एजेंसी अपने द्वारा प्रदान की गई सेवा के लिए कर संग्रहण अधिकारियों को वर्तमान नियमों और विनियमों के अनुसार उस समय के लिए लागू सभी करों, उगाही, उपकर आदि जमा करने के लिए ज़िम्मेदार होगी। समय -समय पर संशोधित आय कर विभाग के प्रावधानों के अनुसार स्रोत पर कर की कटौती (टीडीएस) की जाएगी और बोर्ड द्वारा एजेंसी को इस आशय का एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

8. ठेका कंपनी/फर्म/एजेंसी, निविदा प्रस्तुत करते समय या बाद के चरण में उसके द्वारा बोर्ड को दी गई जानकारी के द्वारा बाध्य होंगे। अगर किसी भी चरण में, इस तरह जमा किए गए दस्तावेजों में से कोई भी गलत पाया जाता है, तो यह निबंधन और ठेके का उल्लंघन माना जाएगा और यह ठेके की समाप्ति के अलावा उस पर कानूनी कार्रवाई के लिए भी जिम्मेदार होगा।

9. सेवा प्रदाता यह सुनिश्चित करेगा कि बोर्ड के लिए तैनात कर्मचारी निर्धारित योग्यता और अनुभव के अनुरूप हैं। बोर्ड को उनके नाम का प्रस्ताव करने से पहले उम्मीदवार की योग्यता और अनुभव के आधार पर सेवा प्रदाता द्वारा उम्मीदवारों की जाँच का आयोजन किया जाएगा। आवश्यक योग्यता और अनुभव न होने पर उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बोर्ड के कार्यालय में नहीं भेजा जाएगा। इस संबंध में विफल होने पर, ठेका कंपनी/फर्म/एजेंसी को अयोग्य घोषित किया जाएगा और इस तरह के मामलों में बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और बोर्ड को अन्य एजेंसियों से कर्मचारियों को आउटसोर्स करने का अधिकार होगा। कार्मिकों का चयन स्पाइसेस बोर्ड द्वारा आयोजित साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

10. तैनात कार्मिकों के लिए लंच ब्रेक के साथ, सोमवार से शुक्रवार तक 9:00 बजे से 5:30 तक काम करना होगा। ज़रूरत के मामले में, उन्हें कार्यालय के समय के बाद और छुट्टियों में भी काम करना होगा ।

11. तैनात कर्मचारियों में से किसी के व्यक्तिगत कारणों की वजह से नौकरी छोड़ने की घटना में सेवा प्रदाता तुरंत एक एवजी प्रदान करेगा।

12. ठेका शुरू होने से दो वर्ष की अवधि के लिए जारी रहेगा, जब तक कि सेवा में कमी, तैनात कार्मिकों मेँ, ठेके का उल्लंघन या काम की अपेक्षाओं आवश्यकताओं में कमी या समाप्ति की वजह से बोर्ड द्वारा इसमें कटौती नहीं की जाती या इसे समाप्त नहीं कर दिया जाता।

13. बोर्ड की पहले से ली गई लिखित सहमति के बिना ठेका कंपनी/फर्म/एजेंसी को इस ठेके के तहत अपने अधिकार और दायित्वों को किसी अन्य एजेंसी को हस्तांतरित, आबंटित करने, सौंपने या उप-ठेका देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

14. अगर सेवा कार्मिक का काम संतोषजनक नहीं है तो स्पाइसेस बोर्ड एक सप्ताह की नोटिस देकर उसकी संविदा अवधि को समाप्त करने का अधिकार रखता है।

15. ठेका कंपनी/फर्म/एजेंसी बोर्ड के लिए तैनात कार्मिकों को उनकी फोटो और उनके नाम, जन्म तिथि/आयु और पहचान के निशान आदि के रूप में व्यक्तिगत जानकारी युक्त पहचान पत्र प्रदान करेगी।

16. किसी भी चरण में बोर्ड के लिए तैनात किए गए कार्मिकों के परिवहन, भोजन, चिकित्सा और किसी भी अन्य अपेक्षाओँ के लिए बोर्ड की कोई बाध्यता नहीं होगी।

17. सभी आवश्यकताओं और प्रयोजनों के लिए, सेवा प्रदाता एजेंसी तैनात कार्मिकों का 'नियोक्ता' होगी।

18. ठेके के पूरा होने पर या अन्यथा इस संविदा की समाप्ति के मामले में, सेवा प्रदाता एजेंसी द्वारा तैनात कार्मिक किसी भी समावेशन के लिए हकदार नहीं होंगे और न ही नियमित/ अन्यथा क्षमता में बोर्ड द्वारा समावेशन या छूट के लिए कोई दावा कर सकेंगे। ठेकेदार को इस बात से तैनात कार्मिकों को अवगत कराना होगा ।

19. खण्ड ग की तालिका 2 में बताई गई दरें तभी लागू होँगी जब वहीं समर्थक कार्मिक जिसने संविदा अवधि के पहले वर्ष ठेका के दौरान अपना समर्थन प्रदान किया है दूसरे वर्ष भी जारी रहता है।

20. बिना कोई कारण बताए सभी या किसी भी कोटेशन को नामंजूर करने का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित है।

**ङ. स्पष्टीकरण**

किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण केलिए आप 91-484-2333603/jijesh.das@nic.in में श्री जीजेष टी. दास, उप निदेशक(ई डी पी) से संपर्क कर सकते हैं।